हरिभूमि
भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, सोमवार, 16 जून, 2025

11 अंकित इलेवन ने जीता मैच


12 तीन दिन से आधा दर्जन गांवों में बिजली पानी का ...


# नीट परीक्षा में जिले के होनहारों का शानदार प्रदर्शन, खूब मिल रही बधाइयां

## सुमित ने 820वां व शुभम ने 2788वां रैंक किया हासिल

■ प्रतिभावान पोतों ने दादा का सीना गर्व से कर दिया चौड़ा, फूले नहीं समा रहे दादा जी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

नीट परीक्षा के घोषित परिणाम में गांव तलवानी में सुमित जाखड़ व शुभम जाखड़ ने सफलता हासिल की है। दोनों बच्चों की सफलता पर पूरे गांव में खुशी का माहौल है। ये दोनों बच्चे तलवानी निवासी सेवानिवृत्त हैडमास्टर रामकुमार जाखड़ के पौत्र हैं। सुमित जाखड़ पुत्र सतीश जाखड़ ने 12वीं के साथ नीट परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक में 820वां स्थान तथा शुभम जाखड़ पुत्र अनिल जाखड़ ने 12वीं के साथ नीट परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 2788वां रैंक प्राप्त कर गांव व जिले का नाम रोशन किया। पौत्रों की सफलता पर गर्व महसूस करते हुए सेवानिवृत हैड मास्टर रामकुमार जाखड़ ने कहा कि हमें अपने बच्चों की



सफलता पर खुशी है ये दोनों बच्चे दिन रात कर नीट परीक्षा की तैयारी कर रहे थे। दोनों बच्चों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों, दादा सेवानिवृत हैड मास्टर रामकुमार जाखड़ व अन्य परिजनों को दिया। इस अवसर पर सभी परिजनों व ग्रामीणों ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## अर्थव सांगवान ने बिना कोंचिंग के नीट परीक्षा में 4769 वीं रैंक हासिल की

हरिभूमि न्यूज बहल

■ अर्थव ने युवाओं से आग्रह किया कि वे नीट परीक्षा का तनाव न लें

बहल कस्बे के अथर्व सांगवान ने नीट परीक्षा में सफलता हासिल की है। अथर्व ने 720 में से 573 अंक हासिल कर ऑल इंडिया स्तर लेवल पर 4769 वीं व जनरल कैटेगरी में 2362 वीं रैंक हासिल की है। अथर्व की सफलता पर बहल व देवराला क्षेत्र में खुशी का माहौल है। अथर्व के पिता डॉ. सुरेन्द्र सांगवान व डॉ. प्रतिभा सांगवान बहल में सांगवान अस्पताल संचालित करते हैं जबकि दादा रघुवीर सांगवान सेवानिवृत प्राचार्य है। अथर्व ने स्कूली शिक्षा बहल के बीआरसीएम शिक्षण संस्थान से पूरी की है। उसने किसी कोचिंग का सहारा लिए बिना ही अपनी खुद की मेहनत और सेल्फ स्टडी से ही यह बड़ी सफलता हासिल की है। अथर्व ने अपनी सफलता का श्रेय माता, पिता के अलावा बीआरसीएम पब्लिक स्कूल के स्टाफ सदस्यों को दिया है। उसने युवाओं से आग्रह किया कि वे नीट परीक्षा का तनाव न लें। एकाग्र चित्त से विषय को समझें और फिर उसे गहराई तक अध्ययन करें।

## अंजली को किया सम्मानित

■ अंजली ने नीट की परीक्षा में देश भर में 4249 तथा बीसी-ए कैटेगरी 1609 वां रैंक हासिल कर प्रजापति समाज का गौरव बढ़ाया

■ सीमित संसाधनों और आर्थिक चुनौतियों के बावजूद अंजली हासिल किया मुकाम



भिवानी। नीट में बेहतरीन रैंक हासिल करने वाली अंजली को सम्मानित करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

भिवानी के एक साधारण परिवार की बेटी अंजली ने अपनी मेहनत और लगन से एक बड़ा मुकाम हासिल किया है। मजदूर परिवार से ताल्लुक रखने वाली अंजली ने नीट (नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट) में ऑल इंडिया में 4249 वीं रैंक प्राप्त कर ना केवल परिजनों, बल्कि जिले का नाम रोशन किया है। सीमित संसाधनों और आर्थिक चुनौतियों के बावजूद अंजली ने यह सफलता हासिल कर यह साबित कर दिया कि मजबूत इरादों के आगे कोई भी बाधा टिक नहीं सकती।

हनुमान गेट स्थित कपूर सिंह व सुमन की पुत्री अंजली द्वारा नीट की परीक्षा में देश भर में 4249 तथा बीसी-ए कैटेगरी 1609 वां रैंक हासिल करने पर आज प्रजापति समाज से जुड़े अनेक लोगों ने उनके निवास पर जाकर बेटी अंजली को सम्मानित किया तथा अन्य बेटियों को भी अंजली से प्रेरणा लेकर आगे बढने का आह्वान किया। इस मौके पर डा. रत्न तंवर ने बताया कि अंजली के पिता कपूर सिंह इलेक्ट्रीशियन है और माता गृहिणी। परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत नहीं होने के बावजूद उन्होंने अपनी बेटी के सपनों को पूरा करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। अंजली ने भी कठिन परिश्रम और अनुशासन के साथ अपनी पढ़ाई जारी रखी और नीट जैसी कठिन परीक्षा में सफलता हासिल की। उन्होंने कहा कि अंजली की कहानी एक मिसाल है, जो कि बताती है कि यदि हौसले बुलंद हो तो हालात चाहे जैसे भी हों, मंजिल जरूर मिलती है। उन्होंने कहा कि अंजली की सफलता उन सभी छात्रों के लिए प्रेरणा है जो सीमित साधनों के बावजूद बड़े सपने देखते हैं। इस मौके पर मामनचंद पूर्व चेयरमैन, जंगबीर सिंहमार, जयभगवान ठेकेदार, महाबीर, कमल सिंह, गोविंद तंवर, प्रवीण , मनजीत सिंहमार , राजेश तंवर, राजू तंवर, रामनिवास मास्टर, राहुल, शशी प्रजापति, प्रवीण, पारस मास्टर सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## गांव पुर के अभिमन्यु ने अपने बचपन में देखे सपने को किया साकार

■ 720 में से 553 अंक प्राप्त करके माता-पिता का नाम किया रोशन

**बवानीखेड़ा।** पुर के अभिमन्यु सनसनीवाल ने नीट परीक्षा में 720 में से 553 अंक प्राप्त करके ऑल इंडिया रैंक 10867 हासिल कर महारत हासिल की। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि से उन्होंने अपने परिवार, विद्यालय एवं सम्पूर्ण क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

अभिमन्यु ने इस सफलता का श्रेय अपने दादाजी के आशीर्वाद, माता-पिता के सहयोग, तथा अपने शिक्षकों के सतत मार्गदर्शन एवं प्रोत्साहन को दिया है। उन्होंने बताया कि शिक्षकों ने न केवल विषयों को समझाने में मदद की, बल्कि परीक्षा की तैयारी के हर चरण में उनका मनोबल बढ़ाया। अभिमन्यु के पिता नरेंद्र कुमार एवं माता मोनिका सनसनीवाल ने हर परिस्थिति में उनका साथ दिया। गौरतलब है की अभिमन्यु के पिता नरेंद्र राजकीय प्राथमिक विद्यालय भुरटाना में प्राथमिक शिक्षक के पद पर कार्यरत हैं। अभिमन्यु बचपन से ही चिकित्सक बनने का सपना देखता रहा है और अब उसने अपने बड़े लक्ष्य को प्राप्त कर लिया है। सभी ग्रामवासी, शिक्षकगण, विद्यालय परिवार एवं शुभचिंतकों नें अभिमन्यु को इस सफलता पर हार्दिक दी तथा उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



## बहल खंड के गांव गोकलपुरा और चैहड़ कलां में नहीं हुआ मतदान

# पिंकी और सुनील निर्विरोध बनीं पंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहल




पंच पिंकी और पंच सुनील देवी

■ सुनील देवी की दादी सास सजना देवी पंचायत सदस्य थी, जिनके निधन के बाद यह सीट रिक्त हुई थी

पंचायती राज संस्थाओं के रिक्त पदों पर चुनाव प्रक्रिया में बहल खंड के तीन गांवों में पंच पद के लिए चुनाव करवाए जाने थे। लेकिन, दो गांव गोकलपुरा व चैहड़ कलां में निर्विरोध पंच चुने जाने पर चुनाव नहीं हुए। वहीं, खंड के गांव अमीनपुर में पंच पद के दो पद रिक्त थे जिन पर एक पद के लिए चुनाव आयोग के नियमानुसार प्रक्रिया पूरी नहीं होने के कारण चुनाव नहीं हो सका। जबकि, दूसरे पंच पद के लिए बीसी ए रिजर्व केटेगरी का कोई व्यक्ति नहीं होने के कारण पंच पद फिर से रिक्त रह गया।

गोकलपुरा गांव में पिछले पंचायत चुनावों के दौरान वार्ड नंबर 2 से किसी भी व्यक्ति ने चुनाव लड़ने के लिए आवेदन नहीं किया था। लिहाजा, वार्ड नं. 2 की सीट रिक्त रह गई। उपचुनाव के लिए हुई नामांकन प्रक्रिया में वार्ड नं. 2 के लिए सिर्फ पिंकी पत्नी सोमवीर का आवेदन आया। इसलिए, चुनाव आयोग द्वारा पिंकी को वार्ड नं. 2 के लिए पंच पद निर्वाचित घोषित कर दिया। गांव चैहड़ कलां पंचायत में वार्ड नं. 9 से सुनील देवी पत्नी देवेन्द्र को निर्वाचित घोषित किया गया है। पंचायत चुनाव में सुनील देवी की दादी सास सजना देवी पंचायत सदस्य थी जिनके निधन के बाद यह सीट रिक्त हुई थी। चुनाव प्रक्रिया के दौरान वार्ड नंबर 9 से केवल सुनील देवी का नामांकन मिला था जिस पर चुनाव अधिकारी द्वारा उसे पंच पद के लिए निर्वाचित घोषित कर दिया।

अमीनपुर में नहीं हुआ चुनाव
अमीनपुर ग्राम पंचायत में पंच पद के दो पद रिक्त थे। पिछले पंचायत चुनाव में वार्ड नं. 3 के लिए अशोक कुमार पंच पद के लिए निर्वाचित हुए थे। बाद में अशोक कुमार की अध्यापक पद पर नियुक्ति से उन्होंने पंच पद से त्यागपत्र दे दिया था। पर, इसमें एक पेच फंस गया। अशोक कुमार का त्यागपत्र पंचायत राज विभाग द्वारा स्वीकृत कर लिया गया और इस सीट का रिक्त मान लिया। पर, अशोक कुमार द्वारा चुनाव आयोग में इस संबंध में दिया जाने वाल शपथ पत्र नहीं दिया गया जिसकी वजह से चुनाव आयोग ने इसे रिक्त नहीं माना। वहीं, वार्ड नं. 6 की सीट बीसी ए के लिए आरक्षित है। पर, गांव में बीसी ए से संबंधित कोई व्यक्ति नहीं है। इस वजह से पंचायत बनने के बाद हुए पहले चुनाव के बाद हुए दोनों उपचुनाव में भी यह सीट रिक्त ही रही है। गांव में करीब 220 मतदाता है।

## बोहल, पुर, रामूपुरा, सिवाना, सुई, सुखपुरा में निर्विरोध पंच चुने और औरंगनगर में और किरावड़ में हुआ चुनाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा

गांव औरंगनगर में सरपंच, बोहल, पुर, रामूपुरा, सिवाना, सुई, सुखपुरा, किरावड में पंच के उपचुनाव को लेकर प्रशासन ने पूरी तैयारियां की। हालांकि बोहल, पुर, रामूपुरा, सिवाना, सुई, सुखपुरा में निर्विरोध पंच को चुना गया।

औरंगनगर में सरपंच व किरावड़ में पंच का चुनाव करवाया गया। चुनाव सुबह 8 बजे से ही शुरू हो गया जो कि सांय 6 बजे तक का मतदान करवाने का समय तय किया गया। वहीं गांव औरंगनगर में सरपंच व किरावड़ में पंच का चुनाव करवाया गया। चुनाव पूर्णतया शांतिपूर्ण तरीके से चल रहा है जिसमें किरावड में वार्ड 5 में पंच पद के लिए आशा रानी को सीढ़ी व पूजा को कस्सी का निशान मिला है वहीं औरंगनगर में सरपंच पद के चुनाव के लिए आरती को साइकिल, कोमल रानी को गिलास, गीता देवी को नारियल का पेड़, निशा को हैंड पंप, बीशो देवी को सिलाई मशीन, मोनिका को चाबी ताला, रीना को अनाज बरसाता हुआ किसान का चुनाव चिन्ह मिला है। बीडीपीओ भजनलाल शर्मा ने बताया कि हालांकि वे आज छुट्टी पर हैं गांव पुर में वार्ड 6 में अंजू व वार्ड 7 में दीपक, सिवाना में वार्ड 3 में सचिन, सुई में वार्ड 6 में अमित, रामूपुरा में वार्ड 4 में रेखा, बोहल में वार्ड 9 में अनिल कुमार, सुखपुरा में वार्ड 4 में शीला निर्विरोध पंच चुने गए।



### तीन पंचायतो में बने पंच पांच में अब भी खाली

**तोशाम।** ग्राम पंचायतों के उप चुनावों में गांव बीरन में सुशील वार्ड 10 से पंच निर्वाचित हुए हैं। बीडीपीओ विनोद सांगवान ने बताया कि तोशाम ब्लाक के गांव बिडौला में करण सिंह वार्ड नंबर-3 से , बादल वाला में जयप्रकाश वार्ड नंबर-1से, बजीना में पूनम पत्नी मुकेश वार्ड 6 से पंच पद के लिए चुनें गए हैं। गांव बादल वाला वार्ड एक, बजीणा वार्ड 06, बिडौला वार्ड 03, लक्ष्मणपुरा में वार्ड 05, ढाणी कतवार में वार्ड 5 में अब भी कोई पंच नहीं बना।



## श्रीमती उतमीबाई स्कूल की छात्राओं को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

■ स्कूल की 50 छात्राओं को स्मृति चिन्ह व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया

नया बाजार स्थित श्रीमती उत्तमीबाई आर्य कन्या वमा विद्यालय की सत्र 2024-25 की कक्षा बारहवीं की प्रतिभाशाली छात्राओं को ओम स्टर्लिंग ग्लोबल यूनिवर्सिटी हिसार ने जाट धर्मशाला में आयोजित सम्मान समारोह में सम्मानित किया। इस मौके पर हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. पवन शर्मा बतौर मुख्यतिथि उपस्थित रहे। उन्होंने ओम स्टर्लिंग ग्रुप के सदस्यों के साथ स्कूल की 50 छात्राओं को स्मृति चिन्ह व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया।

प्राचार्या अनीता बसोतिया को स्पेशल गेस्ट स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस सम्मान समारोह में भिवानी के कई विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया, जिसमें श्रीमती उत्तमीबाई स्कूल की सबसे अधिक छात्राएं सम्मानित हुई। इस वर्ष विद्यालय की 70 छात्राओं ने बारहवीं कक्षा की परीक्षा दी, जिनमें से 42 छात्राओं ने मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया व पांच छात्राओं ने कंप्यूटर साइंस विषय में 100 में से 100 अंक प्राप्त किए थे। समारोह का उद्देश्य छात्र-छात्राओं की प्रतिभा को निखारने के लिए विभिन्न प्रकार के कोर्सेज से अवगत करवाना था। प्राचार्या अनीता बसोतिया व प्रबंधकारिणी समिति के सभी सदस्यों ने सम्मानित छात्राओं एवं उनके अभिभावकों को बधाई दी।

## जेसीआई भिवानी स्टार के शिविर में 11 युवाओं ने किया रक्तदान

**भिवानी।** जेसीआई भिवानी स्टार द्वारा विश्व रक्तदान दिवस के उपलक्ष्य में पुराना बस स्टैंड स्थित फ्रीडम ब्लड सैंटर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया और जनकल्याण एवं मानवता के संदेश के साथ विश्व रक्तदान दिवस मनाया। शिविर में 11 सदस्यों ने रक्तदान कर मानव सेवा के अभियान में सहयोग दिया। जेसीआई के प्रधान संदीप अग्रवाल ने कहा कि रक्तदान शिविर केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज के प्रति हमारी सामूहिक जिम्मेदारी का जीवंत उदाहरण बना हैं। जशिविर के आयोजन में प्रोजेक्ट डायरेक्टर जेसी कपिल शर्मा व जेसी निरंजन बंसल का विशेष सहयोग रहा।




इस अवसर पर पैटर्न जेसी गोपाल अग्रवाल, आईपीपी भारत गुप्ता, महासचिव जेसी श्याम अग्रवाल, कोषाध्यक्ष जेसी प्रवीण अग्रवाल लेडिज विंग की प्रेजीडेंट कल्पना गोयल, जेजे विंग से आशी व अंश अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## भारत माता अभिनंदन संगठन ने हिंदी सुलेख प्रतियोगिता का कराया आयोजन

**भिवानी।** गोशाला मार्केट स्थित भारत माता अभिनंदन संगठन द्वारा भारत माता अभिनंदन दिवस प्रसार योजना के तहत हिंदी सुलेख प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्यातिथि के रूप में भापजपा के वरिष्ठ नेता दीपक अग्रवाल तोला ने शिरकत की। संगठन की राष्ट्रीय महासचिव मंजू मित्तल ने बताया प्रोग्राम के बेहद ही भावुक एवं रोमांचकारी क्षण रहे जब कार्यक्रम में पांच माताओं को रोली, चावल का तिलक कर, तिरंगा पटका पहना कर भारत माता के रूप में उनकी संतान द्वारा अभिनंदन किया गया तथा चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया।

## केकेएचडी कार्यक्रम में टॉप डांसर बनने से मात्र एक कदम दूर तोशाम की बेटी तनिष्का शर्मा

**तोशाम।** पंजाब में आयोजित होने वाले आगामी 28 जून को मात्र 10 वर्षीय तोशाम की नन्ही मुन्नी गुड़िया तनिष्का शर्मा टीवी चैनल दूरदर्शन प्रसार भारती डीडी पंजाबी चैनल के कार्यक्रम किसमें कितना है दम 2025 के फाइनल अर्थात ग्रैंड फिनाले में पूरे भारतवर्ष से चुनकर आए डांसर बच्चों को टक्कर देगी। इससे पहले तनिष्का शर्मा अपने डांस की बेहतरीन कला के माध्यम से केकेएचडी कार्यक्रम के 4 राउंड पास करके केकेएचडी 2025 की फाइनलिस्ट बनी है और अब वह फाइनल में पूरे भारतवर्ष से चुनकर आए बच्चों को 28 जून को पंजाब में आयोजित ग्रैंड फिनाले में कड़ी टक्कर देने के लिए पूरी तरह से तैयार है।



उल्लेखनीय है कि तोशाम में रेडक्रॉस कंप्यूटर इंस्टीट्यूट संचालक एवं शिक्षाविद डॉक्टर विष्णु दत्त शास्त्री की पुत्री तनिष्का शर्मा अपनी बेहतरीन डांस परफॉर्मेंस के साथ 28 जून को पंजाब के संगरूर जिले के धुरी शहर में आयोजित टीवी चैनल दूरदर्शन पंजाबी के किसमें कितना है दम कार्यक्रम में ग्रैंड फिनाले अर्थात 2025 फाइनल में अपने प्रतिस्पर्धी बच्चों को मात देने के लिए पूरी तरह तैयार है। इससे पहले तोशाम की बेटी तनिष्का शर्मा ने कार्यक्रम में डांस के 4 ऑडिशन पास करके केकेएचडी 2025 की फाइनलिस्ट बन तोशाम क्षेत्र का नाम पूरे भारत वर्ष में रोशन किया था। अब तनिष्का शर्मा फाइनलिस्ट से केकेएचडी 2025 की टॉपर बनने से मात्र एक कदम दूर है।

## विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर भिवानी जोन की तीन ब्रांचों को सम्मानित किया गया

**भिवानी।** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर भिवानी जोन के तीन ब्रांचों को रक्तदान सेवाओं में उल्लेखनीय योगदान के लिए रैडक्रास सोसायटी की जिला ईकाई द्वारा सम्मानित किया गया। जिसमें रोहतक जिले से रोहतक एवं कलानौर और भिवानी जिले से भिवानी ब्रांच को सम्मानित किया गया।

■ रोहतक में पंडित भगवत दयाल शर्मा आयुर्विज्ञान विश्व विद्यालय के कुलपति ने मिशन को सम्मान पत्र प्रदान किया

रोहतक में पंडित भगवत दयाल शर्मा आयुर्विज्ञान विश्व विद्यालय के कुलपति ने मिशन को सम्मान पत्र प्रदान किया। मिशन की ओर से रोहतक में महात्मा तिलक राज ने प्रशस्ति प्रमाण पत्र प्राप्त किया। कलानौर ब्रांच की ओर से संयोजक महात्मा राजेश खेड़ा को रोहतक के उपायुक्त ने प्रशस्ति प्रमाण पत्र प्रदान किया। भिवानी में जिला प्रशासन की ओर से उप मंडल अधिकारी (नागरिक) लोहारू ने प्रशस्ति प्रमाण पत्र प्रदान किया। भिवानी ब्रांच की ओर से बलदेव राज नागपाल जोनल इंचार्ज एवं ज्ञान प्रचारक महात्मा स्वर्ण चंद ने संयुक्त रूप से प्रशस्ति प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्राप्त किया। उपमंडल अधिकारी (नागरिक) मनोज दलाल ने मिशन की प्रशंसा करते हुए कहा कि संत निरंकारी मिशन द्वारा सबसे अधिक रक्त दान करके मानवता की सेवा की गयी। इस अवसर पर बलदेव राज नागपाल ने इस सम्मान का श्रेय सत्गुरु माता सुदीक्षा को दिया और सत्गुरु माता जी का शुकराना व्यक्त किया।

## आज भी साइकिल चलाते हैं ऐतिहासिक तीन लड़ाइयों के गवाह

# 97 वर्षीय घासीराम युवाओं के लिए बने प्रेरणा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

गांव चरखी निवासी 97 वर्षीय घासीराम सोनी आज की युवा पीढ़ी के लिए एक प्रेरणा देने का काम कर रहे हैं। अपने सरल, सादगीपूर्ण और द्वेष रहित जीवन के चलते वे आज की युवा पीढ़ी के लिए एक जीवंत उदाहरण और मार्गदर्शक बन चुके हैं। घासीराम सोनी ने अपने जीवन में भारत-चीन, भारत-पाक और कारगिल जैसी ऐतिहासिक लड़ाइयों को न केवल देखा बल्कि उनके प्रभावों को भी करीब से महसूस किया। इसके बावजूद उनका जीवन दृष्टिकोण हमेशा सकारात्मक, उत्साहपूर्ण और प्रेरणादायी रहा है। चार पीढ़ियों के साथ एक ही छत के नीचे रहने वाले घासीराम न केवल परिवार के लिए बल्कि समाज के लिए भी आदर्श हैं। आज भी पूर्ण रूप से शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ हैं। उन्हें आज भी गन्ने का रस, आइसक्रीम और साइकिल चलाने में विशेष आनंद आता है। उनका यह जीवंत और उमंग भरा स्वभाव यह साबित करता है कि उम्र केवल एक संख्या है, अगर मन जवान है तो जीवन हमेशा रसमय और प्रेरणादायक बना रहता है। चरखी निवासी अजीत सांगवान ने बताया कि घासीराम सोनी से जिस अंदाज में जीवन बिताया वो परिवार के लिए गर्व की बात है। उनका जीवन न केवल बुजुर्गों के लिए आदर्श है बल्कि युवाओं के लिए यह एक संदेश है कि सादगी, अनुशासन और सकारात्मक सोच से उम्र की हर दहलीज पर जीवन को खुशनुमा बनाया जा सकता है।

### नियमित मॉर्निंग वॉक और रोज करते हैं व्यायाम

घासीराम भले ही 97 वर्ष के हो चुके हैं। जीवन में अनेक बार उतर चढ़ाव भी देखे हैं। मगर कभी हौसला नहीं तोड़ा। आज भी वे नियमित मॉर्निंग वॉक और व्यायाम करते हैं। उनका मानना है कि हिम्मत हारने से बहुत कुछ छूट जाता है, लेकिन हिम्मत रखने से आप बहुत कुछ हासिल कर सकते हैं।



## हरियाणवी पहनावा

हरियाणा का पारंपरिक पहनावा पुरुषों के लिए धोती, कुर्ता और पगड़ी, और महिलाओं के लिए घाघरा, चोली और चुंदड़ी है, जो राज्य की सांस्कृतिक पहचान को दर्शाते हैं। हालांकि शहरी महिलाओं और पुरुषों में अब यह पहनावा कम ही देखने को मिलता है। युवाओं में तो आधुनिक वेशभूषा का ही क्रेज हैं। स्कूल व कॉलेजों के सांस्कृतिक समारोहों में जरूर यह पारंपरिक पहनावा देखने को मिल जाता है।

# हमारी योग पद्धति का दुनिया में बज रहा डंका

**भारत सरकार ने योग और संस्कृति के प्रचार-प्रसार के लिए हरियाणा के कई युवाओं को विदेशों में भेजा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिका स्थित संयुक्त राष्ट्र संघ की महासभा में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने को लेकर प्रस्ताव रखा था, जिस पर 177 देशों ने सहमति दी थी। इसके तहत 11 दिसंबर 2014 को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने के प्रस्ताव को मंजूरी मिली थी। पहली बार 21 जून 2015 को पूरे विश्व में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया और यह आज तक बदस्तूर जारी है।**

**भारत को योग का घर माना जाता है। योग की उत्पत्ति 5000 साल पहले उत्तरी भारतीय सिंधु सभ्यता में हुई थी। सिंधु घाटी सभ्यता में योग के अभ्यास के साक्ष्य मिले हैं। वैदिक काल में भी योग की परंपरा थी। ऋग्वेद में योग शब्द का उल्लेख मिलता है। शास्त्रीय काल में महर्षि पतंजलि ने योग सूत्र नामक ग्रंथ में योग के विभिन्न पहलुओं को व्यवस्थित रूप से संकलित किया था। वर्तमान काल में योग दुनियाभर में विभिन्न रूपों में प्रचलित है और इसकी लोकप्रियता निरंतर बढ़ रही है।**

योग और संस्कृति

राज कुमार नरवाल

योग स्वस्थ तन एवं मन की प्राप्ति के लिए की जाने वाली एक क्रिया है। योग एक अत्यंत आध्यात्मिक, शारीरिक और मानसिक अभ्यास है, जिसकी उत्पत्ति प्राचीन भारत में हुई थी। भारत को योग का घर माना जाता है। योग की उत्पत्ति 5000 साल पहले उत्तरी भारतीय सिंधु सभ्यता में हुई थी। सिंधु घाटी सभ्यता में योग के अभ्यास के साक्ष्य मिले हैं।

वैदिक काल में भी योग की परंपरा थी। ऋग्वेद में योग शब्द का उल्लेख मिलता है। शास्त्रीय काल में महर्षि पतंजलि ने योग सूत्र नामक ग्रंथ में योग के विभिन्न पहलुओं को व्यवस्थित रूप से संकलित किया था। वर्तमान काल में योग दुनियाभर में विभिन्न रूपों में प्रचलित है और इसकी लोकप्रियता निरंतर बढ़ रही है। साल 2014 में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिका स्थित संयुक्त राष्ट्र संघ की महासभा में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने का प्रस्ताव रखा था। जिस पर 177 देशों ने अपनी सहमति जताई थी। 11 दिसंबर 2014 को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने के प्रस्ताव को मंजूरी मिली थी। पहली बार 21 जून 2015 को पूरे विश्व में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया था। तब से हर साल 21 जून को दुनियाभर के देशों में योग दिवस जोश के साथ मनाया जाता है। हरियाणा में भी प्राचीन समय से ही योग की परंपरा रही है। शुरू से ही यहां पर कसरत, कबड्डी व कुश्ती जैसे क्रिया कलाप होते रहे हैं। यहां तक कि शिक्षा के केंद्रों में भी विद्यार्थियों को इनका अभ्यास करवाया जाता रहा है। हरियाणा के लोगों को बचपन से ही शारीरिक श्रम करने का शौक रहा है। आज भी हरियाणा के अनेक खिलाड़ी ओलंपिक खेलों में मेडल जीतकर देश का नाम रोशन कर रहे हैं।



कुरुक्षेत्र के अजय राठी फिलहाल स्पेन में योग की शिक्षा का प्रचार कर रहे हैं। वे स्पेन के अलावा त्रिनिनाद, टोबागो, डोमिनिका, ग्रेनाडा, आदि देशों में योग गतिविधियों का सुपरविजन कर रहे हैं।

## विदेशों में योग सिखा रहे हरियाणवी

हरियाणा प्रदेश के विभिन्न जिलों से कई योग शिक्षक विदेशों में इंडियन कल्चर डिप्लोमैट के तौर पर योग और भारतीय संस्कृति का प्रचार-प्रसार कर रहे हैं। महम के खरकड़ा गांव से डॉ. सोमवीर आचार्य सुरीनेम में भारतीय योग दर्शन, हिंदी, संगीत, नृत्य आदि का फैलाव कर रहे हैं। डॉ. सोमवीर आचार्य ने बताया कि कुरुक्षेत्र के अजय कुमार राठी फिलहाल स्पेन में योग की शिक्षा का प्रचार कर रहे हैं। वे स्पेन के अलावा त्रिनिनाद, टोबागो, डोमिनिका, ग्रेनाडा, मोन्सट्रेट आदि देशों में योग गतिविधियों का सुपरविजन कर रहे हैं। अजय कुमार राठी इससे पूर्व रूस और चीन में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं। इससे पहले भारत सरकार ने पानीपत के कवि गांव निवासी डॉ. देवेंद्र सिंह को हांगकांग, फरीदाबाद के मनोज को स्पेन, झज्जर से जयवंती सिंह को स्लोवाकिया, झज्जर के आशीष गहलावत को सऊदी अरब, डीघल के राम अहलावत को रूस में, बरहाना से अजीत अहलावत को पोर्ट मोरेस्बई, मातनहेल गांव की बहु सोनू को बेल्जियम भेजा था। इनके अलावा भी हरियाणा के कई युवक युवतियां विदेशों में योग एवं प्राणायाम और भारतीय संस्कृति का प्रचार प्रसार करने में जुटे हैं



डॉ. सोमवीर आर्य (द्वितीय सचिव) सांस्कृतिक राजदूत, भारतीय राजदूतावास, सूरीनाम, दक्षिणी अमेरिका।



भारतीय संस्कृति और योग के शिक्षक रोहतक, (हरियाणा) निवासी डॉ. जसबीर उच्चायोग के आधिकारिक क्षेत्र अकरा, घाना में योग गतिविधि की देखरेख करते हैं।

## योग के मुख्य अंग

**यम :** सामाजिक आचरण (सत्य, अहिंसा, अस्तेय, ब्रह्मचर्य, अपरिग्रह)
**नियम :** व्यक्तिगत आचरण (शौच, संतोष, तप, स्वाध्याय, ईश्वरप्रणिधान)
**आसन :** शारीरिक मुद्राएं
**प्राणायाम :** श्वास नियंत्रण
**प्रत्याहार :** इंद्रियों को नियंत्रित करना
**धारणा :** एकाग्रता
**ध्यान :** चिंतन
**समाधि :** ध्यान की चरम अवस्था।

आज, योग एक लोकप्रिय व्यायाम और कल्याण पद्धति के रूप में दुनिया भर में जाना जाता है। योग का नियमित अभ्यास शरीर को स्वस्थ और लचीला बनाता है, मानसिक शांति और संतुलन प्रदान करता है, और समग्र कल्याण को बढ़ावा देता है।

## योग प्रोटोकॉल में शामिल मुख्य बातें

**प्रार्थना :** योग अभ्यास की शुरुआत से पहले, शांति और सकारात्मकता के लिए प्रार्थना की जाती है.

**चालन क्रिया :** शरीर को वार्म-अप करने और लचीलापन बढ़ाने के लिए, गर्दन, कंधे, कमर, और घुटनों की चालन क्रियाएं की जाती हैं.

**आसन :** योग के मुख्य भाग में, विभिन्न आसन (जैसे खड़े होकर, बैठकर, पेट के बल, और पीठ के बल) किए जाते हैं.

**प्राणायाम :** सांस लेने की तकनीकें, जैसे कपालभाति, अनुलोम विलोम, भ्रामरी, और शीतली, शरीर और मन को शांत करने के लिए की जाती हैं.

**ध्यान :** ध्यान के माध्यम से, एकाग्रता और मानसिक शांति प्राप्त करने का अभ्यास किया जाता है.

**संकल्प :** योग अभ्यास के अंत में, एक सकारात्मक संकल्प लिया जाता है, जो पूरे दिन के लिए प्रेरणा प्रदान करता है.

**शांति पाठ :** योग सत्र के समापन पर, शांति और सद्भाव के लिए शांति पाठ किया जाता है।

## कृष्ण, महावीर व बुद्ध ने भी योग का विस्तार किया

भगवान शंकर के बाद वैदिक ऋषि-मुनियों से ही योग का प्रारम्भ माना जाता है। बाद में कृष्ण, महाबीर और बुद्ध ने इसे अपनी तरह से विस्तार दिया। इसके पश्चात पतंजलि ने इसे सुव्यवस्थित रूप दिया। इस रूप को ही आगे चलकर सिद्धपंथ, शैवपंथ, नाथपंथ, वैष्णव और शाक्त पंथियों ने अपने-अपने तरीके से विस्तार दिया।

## सामान्य योग प्रोटोकॉल में ये अभ्यास शामिल

21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर, सामान्य योग प्रोटोकॉल में प्रार्थना, योग आसन (जैसे ताड़ासन, त्रिकोणासन, भुजंगासन, शलभासन, सेतुबंधासन, उत्तानपादासन, शवासन), प्राणायाम (जैसे कपालभाति, अनुलोम विलोम, भ्रामरी, शीतली), ध्यान, संकल्प, और शांति पाठ जैसे अभ्यास सिखाए जाते हैं। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर, आयुष मंत्रालय द्वारा जारी सामान्य योग प्रोटोकॉल में इन अभ्यासों को शामिल किया गया है, ताकि शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक कल्याण को बढ़ावा दिया जा सके।



---

कविता

डॉ. शील कुमार



## भारत की हो जय जयकार

परम वैभवी भारत बणज्यआ,
संघ शक्ति का हो विस्तार।
पांच करैं परिवर्तन जग मैं,
भारत की हो जय जयकार।।

ना भेद-भाव हो मन मैं,
ना मंदिर-कुआं न्यारा हो।
ना जात-पात हो दिल मैं,
बस सबका भाई चारा हो।
सामाजिक समरसता होज्या,
मिट ज्यागी सारी तकरार।
पांच करैं परिवर्तन जग मैं,......

कुटुंब प्रबोधन करकै,
घर मैं सबनै सम्मान मिलै।
हों बालक आज्ञाकारी,
और देश-धर्म का ज्ञान मिलै।
टुटणै तै परिवार बचैंगे,
घर मैं बणे रहं संस्कार।
पांच करैं परिवर्तन जग मैं,......

स्व का भाव जगाकै,
स्वदेशी का इब ध्यान करो।
स्वभाषा व संस्कृति,
महापुरुषों पै अभिमान करो।
उज्ज्वल अपणी परम्परां सैं,
जीवन का सैं ये आधार।
पांच करैं परिवर्तन जग मैं,......

इब पाणी खूब बचाणा,
और प्लास्टिक दूर भगाणा सै,
पौधे नये लगाकै,
पर्यावरण बचाणा सै।
शुद्ध हवा और पाणी होज्या,
स्वस्थ रहैगा सब संसार।
पांच करैं परिवर्तन जग मैं,......

हों यातायात के नियम,
चाहे बिजली फेर बचाणी हो।
सरकारी सम्पत्ति की,
हांम कदै करां ना हानि हो।
नागरिक के कर्तव्य निभावां,
भारत मां के पहरेदार।
पांच करैं परिवर्तन जग मैं,......

---

रागनी

भूपसिंह भारती



## पेड़ ही पेड़ लगाओ

जग म्ह जीणे की खातिर, पौधे पांच लगाओ।
सूखी अर वीरान धरा नै, फेर तै हरी बणाओ।।

धरती की हम करा रूखाली, बण कै सच्चे माली,
फळ फुलां तै लदी रहै सै, म्हारी एक एक डाली,
फेर करी क्यूं नजर कुढ़ाली, हमनै काट बगाओ।

गहरी सीली छाया द्याँ, अर द्वां हम अन्न पाणी,
जीव जंतु संतान सगी रै, ना समझी कदे बिराणी,
कदे ना कदर पिछाणी, थम म्हारा गळ कटवाओ।

समझ नहीं थारै आई, हम धरती के आभूषण,
पर्यावरण नै शुद्ध करा, भई करकै दूर प्रदूषण,
पेड़ करै सबका पोषण, थम शोषण नै रुकवाओ।

सब बातां नै छोड़ कै सारे, मिल कै शपथ उठाओ,
पेड़ो की रखवाळ करो अर, पेड़ ही पेड़ लगाओ,
कहै 'भारती' पेड़ लगाकै, इणका संताप मिटाओ।

haribhoomisahitya@gmail.com पर आप अपनी रचनाएं भेज सकते हैं।

---

केश विन्यास

**हरियाणवी महिलाओं की गौरवशाली पहचान चूंडा साफ-सुथरी और व्यवस्थित जीवनशैली का प्रतीक कहलाता था**



# चूंडा : विलुप्त होती एक हरियाणवी परंपरा

श्रृंगार

आशा कुमारी

हरियाणा की सांस्कृतिक परंपराएं जितनी गहरी हैं, उतनी ही आकर्षक भी हैं। लोकगीत, पहनावा, बोली और नृत्य के साथ-साथ यहाँ की स्त्रियों की सजने-संवरने की शैली भी समय-समय पर लोगों का ध्यान आकर्षित करती रही है। ऐसी ही एक विलुप्त होती परंपरा है 'चूंडा' बनाने की हेयरस्टाइल, जो कभी हरियाणा की पहचान और ग्रामीण स्त्रियों की शोभा मानी जाती थी।

### चूंडा क्या होता है?

चूंडा एक पारंपरिक हेयर स्टाइल थी जिसमें महिलाओं के बालों को अलग-अलग सेक्शनों में बाँटकर, बारीकी से छोटी-छोटी चोटियों में गूंथा जाता था। फिर उन सभी चोटियों को मिलाकर सिर के ऊपरी हिस्से पर एक गोल जूड़ा बनाया जाता था। इस जूड़े को सजाने और स्थिर रखने के लिए काले रंग के सूती धागों की मदद से बालों को बाँधा और लपेटा जाता था। ये काम गाँव की एक विशेष महिला जिसे 'नाण' कहा जाता था, करती थी। 'नान' वह स्त्री होती थी जो अनुभवी होती थी चूंडा बनाने में। हर गांव में एक-दो नाण होती थीं जो त्योहारों, शादी-ब्याह और विशेष अवसरों पर युवतियों और महिलाओं से उपहार भी प्राप्त करती थी। आप कह सकते हैं नाण पुराने जमाने की ब्यूटीशियन होती थी। चुटिला जो काले सूती धागों से बनता था, का इस्तेमाल सबसे ज्यादा चूंडा बनाने के लिये होता था। शादी या त्योहार के अवसरों पर काले धागे जिनके छोर पे लाल, पीले, हरे जैसे रंगीन धागों को भी इस्तेमाल किया जाता था। बालों को बाँधकर आखिर में चूंडे को इन्हीं कपड़ों से लपेटकर एक साफ-सुथरी और सुंदर आकृति दी जाती थी।

### हर दिन नहीं धोए जाते थे बाल

उस समय बालों को जल्दी-जल्दी नहीं धोया जाता था। आमतौर पर महिलाएं सप्ताह में एक बार बाल धोती थीं, और बाकी दिनों में चूंडा बनाने की वजह से बाल धूल और गंदगी से सुरक्षित रहते थे। गूंथे हुए बाल उलझते नहीं थे, और न ही खुले बालों की तरह चेहरे पर आते थे। इस प्रकार चूंडा एक साफ-सुथरे और व्यवस्थित जीवनशैली का प्रतीक था। हरियाणवी बोली में चूंडा को लेकर कई मुहावरे और कहावतें प्रचलित थीं। जैसे कि 'चूंडा पाड़ देना' जो लड़ाई की तीव्रता को दर्शाने के लिए प्रयोग किया जाता था।

### लोकनृत्य में चूंडे की प्रतीकात्मकता

आज भले ही महिलाएं रोज़ चूंडा न बनाती हों, लेकिन हरियाणवी नृत्य में यह आज भी जीवित है। नर्तकियाँ अपने सिर पर एक कोन जैसी आकृति (कार्डबोर्ड या कागज़ की बनी) रखती हैं, जो चूंडे का ही प्रतीक होती है।

यह न केवल एक सजावट होती है, बल्कि यह दर्शकों को हरियाणवी संस्कृति की जड़ों से जोड़ने का काम करती है। इसलिए फिल्मों में भी हरियाणवी पोषाक के साथ सिर पर चूंडे को दर्शाया जाता है। चूंडा बनाना अक्सर अकेले नहीं होता था। नाण जब महिलाओं के बाल बनाती थीं, साथ बैठकर गप्पें मारती थीं, लोकगीत गाती थीं और एक-दूसरे को गाँव की सारी खबरें देती थी। इससे शायद सोशल मीडिया की कमी कुछ पूरी होती होंगी। यह एक सामूहिकता का अनुभव था। इसमें आपसी रिश्ते भी मजबूत होते थे और परंपरा भी आगे बढ़ती थी। आज के समय में, जब जीवन की रफ्तार तेज हो गई है और फैशन ट्रेंड्स इंस्टाग्राम से तय होते हैं, ऐसे में चूंडा जैसी परंपराएं पीछे छूटती जा रही हैं। अब शायद ही किसी लड़की या महिला के सिर पर वह खूबसूरत चूंडा दिखता है, जो उसकी दादी या नानी कभी बनाती होंगी।



### संस्कृति की चोटी पर बंधी स्मृति

चूंडा न केवल एक जूड़ा होता था, बल्कि हरियाणवी स्त्री की गौरवशाली पहचान थी। यह बालों के सजने से कहीं ज्यादा, परंपरा, स्त्रीत्व और सौंदर्य का प्रतीक था। आज जब हम अपनी संस्कृति की ओर पुनः लौटने की बातें कर रहे हैं, तो हमें ऐसी छोटी-छोटी परंपराओं को भी संजोकर अगली पीढ़ी तक पहुंचाना होगा।

### फिर से दिलानी होगी पहचान

हरियाणा के कलाकार चाहें तो अब चूंडा जैसी शैलियों को फिर से पहचान दिलाने की कोशिश कर सकते हैं? इसके लिए लोकनृत्य प्रशिक्षण, गांवों में आयोजित सांस्कृतिक मेलों और स्कूलों की लोककला कार्यशालाओं में चूंडा बनाना सिखाया जा सकता है। युवतियां भी अब इसे एक 'विंटेज हेयरस्टाइल' के रूप में देख सकती हैं।

---

# लोक साहित्य की वाचन परंपरा का खास महत्व : रविन्द्र रवि

कलाकार

ओ.पी. पाल

हरियाणवी संस्कृति में लोक साहित्य को अपनी आवाज के जादू से नया आयाम देते आ रहे रविन्द्र कुमार रवि अनूठी साधना में जुटे हैं। मसलन कवि सम्मेलन, काव्य मंच, आकाशवाणी व टीवी चैनलों के माध्यमों से साहित्य की विधाओं को स्थान मिलता रहा है, लेकिन वह सोशल मीडिया पर साहित्य की वाचन-परंपरा का नया चितेरा बनकर राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना चुके हैं, जो करीब नौ वर्षों से हिंदी और हरियाणवी में अपनी कलम और आवाज के जादूगर के रूप में एक मजबूत व्यक्तित्व और बेहतरीन मंच संचालक के रूप में उभरे हैं।

अंग्रेजी शिक्षक एवं साहित्यविद्, लेखक एवं आवाज के जादूगर रविन्द्र कुमार रवि ने हरिभूमि संवाददाता से बातचीत के दौरान कई ऐसे तथ्यों को उजागर किया है, जिसमें वह अपनी वाचन कला की प्रतिभा के बल पर हरियाणवी संस्कृति में लोक साहित्य की वाचन परंपरा को देशभर की रचनाधर्मिता से जोड़े हुए हैं। रविन्द्र कुमार 'रवि' का जन्म 18 जुलाई 1978 को हरियाणा के रेवाड़ी जिले के गांव सुरेहली में फतेह सिंह और चंद्रकला के घर में हुआ। उनके पिता सेना में देश की सेवा में रहे तथा माता गृहणी के रूप में धार्मिक प्रवृत्ति के साथ परिवार को संस्कार देने में जुटी रही। परिवार में कोई साहित्यिक और सांस्कृतिक माहौल नहीं रहा, लेकिन बचपन से रेडियो सुनने के शौकीन रहे रविन्द्र रवि यादव लोक संस्कृति पर आधारित काव्य सृजन यानी काव्य मंचों पर तरन्नुम में मधुरकंठी काव्यपाठ से छाप छोड़ने में माहिर हैं। पठन पाठन, वाचन, संगीत सुनना, हिंदी हरियाणवी में लिखना उनकी अभिरुचि में समाया हुआ है। रवि ने नाहड़ के सरकारी कालेज से स्नातक, मोरनी हिल्स से जेबीटी की पढ़ाई पूरी की, जिसके बाद छह वर्ष तक एक प्राइवेट स्कूल में शिक्षक के रूप में कार्यरत रहे। इनकी बाद में दिल्ली सरकार के स्कूल में अंग्रेजी के जेबीटी शिक्षक के तौर पर नियुक्ति हुई। इसके साथ ही वह अपने लोक साहित्य को नया आयाम देते हुए रचनात्मक कार्य में जुटे रहे। वर्ष 2016 में वे बोल हरियाणा के एक बड़े मंच से जुड़े और उनकी इस कला की प्रतिभा को ऐसे पंख लगे कि उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा। बकौल रवि उन्होंने बोल हरियाणा देश के विभिन्न कोनों के वरिष्ठ रचनाकारों की चार सौ से ज्यादा लघुकथाओं तथा 'बोल किताबों ताई के' नामक शीर्षक से अपनी हरियाणवी रचनाओं की एक लंबी श्रृंखला को स्वर देकर विशिष्ट पहचान बनाई। अब तक वह करीब पांच सौ बोल किताबो ताई के लिख चुके हैं। फोटो आधारित इन छह पंक्तियों में हरियाणवी जीवन के हर पहलू को लिखने का प्रयास किया है। वहीं उन्होंने कोरोना काल में अपने उक्त स्थायी स्तंभों के अलावा एक चिट्ठी अपनों के नाम, माई लाइफ ड्यूरिंग लॉकडाउन, आपके जज्बात के साथ आदि समसामयिक स्तंभों का लेखन करके अपना रचनात्मक योगदान दिया है। उनका कहना है कि अंग्रेजी उनके कार्य क्षेत्र के लिए एक विषय है, लेकिन हिन्दी भाषा रगों में रची-बसी है और हरियाणवी मां बोली है।





### यहां से मिली मंजिल

आवाज के जादूगर रविन्द्र रवि ने बताया कि उनकी इस रचनात्मक यात्रा में जनवरी 2019 में एक नया पड़ाव उस समय आया, जब उन्होंने इसी परंपरा पर आधारित नवाचारी प्रकल्प प्रारंभ किया। बोलता साहित्य-विद रवि यादव नामक इस यूट्यूब चैनल के माध्यम से उन्होंने फिर नए प्रयोग करने शुरू किए। इसी माध्यम से वह अभी तक शताधिक लघुकथाएं, करीब एक दर्जन कहानियां, डेढ़ सौ से ज्यादा कविताएं, काफी ज्यादा संख्या में समीक्षाएं, संस्मरण, पत्र आदि रिकॉर्ड कर सोशल मीडिया पर प्रसारित कर चुके हैं। वह विभिन्न प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन भी कर चुके हैं तथा प्रसारित संस्मरणों पर आधारित कुटुंब नामक एक ई-बुक भी लॉन्च कर चुके हैं। उन्होंने बताया कि कथा कहानी कार्यक्रम में 400 से ज्यादा लघुकथाओं का प्रसारण हुआ इसके साथ-साथ बड़ी कहानियां एवं कविताओं का भी प्रसारण रेडियो बोल हरियाणा पर हुआ। आधुनिक युग में लोक कला एवं संस्कृति को लेकर रविन्द्र कुमार रवि का कहना है कि हरियाणा की सांस्कृतिक विरासत सदियों पुरानी और समृद्ध रही है। हरियाणा की लोक संस्कृति, कला, रंगमंच और साहित्य ने सदा से समाज को दिशा दी है। इस आधुनिक युग में भी लोक कला और संस्कृति ने अपना विशिष्ट स्थान बए रखा है।

### पुरस्कार और सम्मान

अपनी इस अनूठी साहित्यिक कला की साधना में जुटे रविन्द्र रवि को अनेक सम्मानों से नवाजा जा चुका है, जिनमें प्रमुख रुप से बोल हरियाणा गौरव सम्मान, लघुकथा हितैषी सम्मान, हिंदी गूंज पुरस्कार, हिन्दी भाषा के प्रचार प्रसार के लिए हिन्दी सेवी सम्मान, शिक्षा के क्षेत्र में आउट स्टैंडिंग टीचर ऑफ डेल्ही शिक्षक सम्मान, वेस्ट दिल्ली जोनल बेस्ट टीचर अवॉर्ड, यूनेस्को के वर्ल्ड वाइड न्यूज लेटर में सम्मान के अलावा अनेक सामाजिक,साहित्यिक और सांस्कृतिक संस्थाओं से भी अनेक पुरस्कार मिल चुके हैं।

## खबर संक्षेप



### पेड़ पौधे जीवन का आधार: बीके वसुधा

**भिवानी।** योग व पर्यावरण का गहरा संबंध है, योग वो पवित्र शक्ति है, जो सारी मानसिक अशुद्धियों को भस्म कर पर्यावरण को शुद्ध व पवित्र बनाने में मदद करता है, ये उद्गार झोझूकलां के सेठ किशनलाल वाला मंदिर में हरियाणा योग आयोग, आयुष विभाग चरखी दादरी एवं ब्रह्माकुमारीज झोझूकलां के संयुक्त तत्वावधान में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित त्रिदिवसीय प्रोटोकॉल प्रशिक्षण के समापन पर पौधें वितरण करते हुए राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी वसुधा बहन ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा की पेड़ पौधे जीवन का आधार है धरती मां का श्रृंगार हैं राजयोग मेडिटेशन व योगासन भी शारीरिक व मानसिक अशुद्धियां को को दूर कर स्वस्थ बनाते हैं।

### पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में भाषा समर कैंप का आयोजन

**भिवानी।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय पालुवास भिवानी में भारतीय भाषा समर कैंप का आयोजन किया गया। एनसीईआरटी के दिशानिर्देशानुसार स्कूलों में भारतीय भाषा समर कैंप का उद्देश्य ग्रीष्मकालीन छुट्टियां के दौरान बच्चों को एक और भारतीय भाषा को सिखाना एवं अन्य भारतीय भाषाओं की समृद्धि और विविधता से परिचित करवाना था। कैंप में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और प्रतिदिन की गतिविधियों द्वारा ज्ञान अर्जन किया जैसेः- पंजाबी वर्णमाला ,छोटे-छोटे वाक्य बनाना व बोलना पंजाबी खानपान, वेशभूषा तथा संगीत व नृत्य, पंजाब का इतिहास भौगोलिक स्थिति, नाटक तथा संस्कृति इत्यादि। इस कैंप में अनेक विद्यालयों से आए प्रवक्ताओं ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया और अन्य भारतीय भाषाओं के महत्व और उपयोग के साथ-साथ पंजाबी भाषा के बारे जानकारी दी। कैंप के समापन पर बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किये। अभिभावकों व शिक्षकों ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना की और उन्हें आगे भी भारतीय भाषाओं के प्रति समर्पित रहने के लिए प्रोत्साहित किया।

### गर्मी में पानी पिलाना सबसे बड़ा धर्मः संदीप

**भिवानी।** गर्मी के मौसम में पानी पिलाना सबसे बड़ा धर्म है, ये बात राधा स्वामी सत्संग दिनोद शाखा भिवानी के सेवादार संदीप पंघाल व रामफल सिंगल ने राधा स्वामी सत्संग भवन रोहतक रोड पर राहगीरों को मीठा और नींबू का पानी पिलाते हुए कही। उन्होंने बताया कि राधा स्वामी सत्संग भवन के आगे हुजूर कंवर साहेब महाराज के आशीर्वाद से हर रविवार को मीठे पानी के जल की सेवा लगाई जाती है, जिसमें हजारों लोगों को पानी पिलाया जाता है। इसी कार्यक्रम में सभी सेवादार बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं। उन्होंने बताया कि सेवादारों द्वारा 2000 लीटर पानी पिलाया और सफाई व्यवस्था का भी ख्याल रख। इस अवसर पर पवन शर्मा, रामपाल, जसवंत, मांगेरामख, उदयवीर, अतरसिंह, चेतराम, संतलाल, ईश्वरसिंह, आदि मौजूद रहे।

गांव ओबरा में नहीं थम रहा विवाद

# दो पक्षों की जिद्द, जिम के सामान पर विवाद, बैंरग लौट थे मजिस्ट्रेट

शुक्रवार को ड्यूटी मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में सामान को जोहड़ के मैदान (भगत सिंह क्लब) से हटवाकर खेल स्टेडियम में रखे जाने के लिए कार्रवाई पर पहुंचे थे। पर टीम को बैरंग लौटना पड़ा था

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

ओबरा गांव में सरकार द्वारा युवाओं के शारीरिक व्यायाम के लिए मिला जिम का सामान विवाद का विषय बनता जा रहा है। जिम का सामान रखे जाने को लेकर गांव में दो पक्ष आमने सामने हो गए है। एक पक्ष जिम का सामान गांव के खेल स्टेडियम में रखे जाने के पक्ष में हैं जबकि सरपंच पक्ष इसे गांव के जोहड़ के पास बने खेल मैदान में रखे जाने पर अड़ा है। शुक्रवार को इस बारे में एसडीएम लोहारू द्वारा नियुक्त ड्यूटी मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में सामान को जोहड़ के मैदान (भगत सिंह क्लब) से हटवाकर खेल स्टेडियम में रखे जाने के लिए कार्रवाई पर पहुंचे थे। पर, वहां मौजूद लोगों के विरोध के कारण टीम को बैरंग लौटना पड़ा था। गांव में जिम को स्थापित करने को लेकर विवाद निरंतर बढ़ता जा रहा है और कोई भी पक्ष पीछे हटने को तैयार नहीं है। दरअसल, सीएम द्वारा 12 जनवरी 2025 को ओबरा गांव की जिम का वर्चुअल का उद्घाटन किया था। इसके बाद जिम के लिए भेजे गए सामान को गांव के सरपंच ने नूनसर गांव के समीप बने जोहड़ के पास खेल मैदान (भगत सिंह क्लब) में बने कमरे में रखवा दिया। जब ग्रामीणों को इसकी भनक लगी तो उन्होंने इसका विरोध किया और मुख्यमंत्री को शिकायत की। शिकायतकर्ता विनोद कुमार ने बताया कि सीएम द्वारा जिम का उद्घाटन खेल स्टेडियम में किया गया था। लेकिन, सरपंच ने जिम का सामान वहां न रखवाकर भगतसिंह क्लब में रखवा दिया जो कि व्यवहारिक नहीं है। गांव में व्यायामशाला और जिम होने के बाद भी युवा खेल से वंचित है। वहीं, ग्रामीणों की शिकायत पर एसडीओ पंचायती राज, खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी, उपमंडल अभियंता पंचायती राज ने ग्राम पंचायत व संबंधित अधिकारियों को पत्र लिखकर सामान को खेल स्टेडियम में बनी जिम में रखवाने को कहा है। उपमंडल अभियंता पंचायती राज ने 15 अप्रैल को लिखे पत्र में सरपंच से यह स्पष्ट करने को कहा है कि आप यह स्पष्ट करें कि सामान पंचायत खर्च से खरीदा गया है या फिर अपने निजी कोष से खरीदा है।

### 13 जून को नियुक्त किया था ड्यूटी मजिस्ट्रेट

गांव में बढ़ते विवाद को लेकर जिलाधीश द्वारा पारित आदेश पर एसडीएम लोहारू ने पंचायती राज के एसडीओ इंद्रसिंह को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त कर जिम का सामान खेल स्टेडियम में रखवाने के लिए आदेश दिए थे। पर, टीम जैसे ही भगत सिंह क्लब पर सामान लेने पहुंची तो वहां ग्रामीणों के विरोध के चलते उनको वापस लौटना पड़ा था। इस बारे में पंचायती राज के एसडीओ ने बताया कि उस दिन पर्याप्त पुलिस बल नहीं था जिसकी वजह से कार्रवाई पूरी नहीं हो सकी। प्रशासन द्वारा इस बारे में फिर से तिथि निर्धारित की जाएगी तो पूरे पुलिस बल के साथ कार्रवाई की जाएगी।

### क्या कहते है सरपंच

गांव के सरपंच रविंद्र सिंह यह मामला राजनीति से प्रेरित है। जिस समय जिम का सामान आया उस समय व्यायामशाला जर्जर हालत में थी। इसलिए, सामान भगत सिंह क्लब में रखवा दिया गया था। वे इस बात के पक्ष में है कि जिम का अधिकतम लाभ गांव के युवाओं को मिले। वे इस बारे में ग्राम सभा की बैठक बुला चुके हैं पर विरोध करने वाले लोग वहां नहीं पहुंचें। वे इस बात पर सहमत है कि गांव की आम बैठक बुलाकर इसका फैसला किया जाए कि जिम का सामान कहां रखा जाना उचित है। बहुमत जहां होगा, वहां सामान रखवा दिया जाएगा।

# अंकित इलेवन ने जीता मैच

■ रजत की शानदार बल्लेबाजी कर बनाए 101 रन

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी



भिवानी क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा पब्लिक स्कूल बाल भवन में आयोजित जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के सेमिफाइनल मैच में युवराज इलेवन ने अंकित इलेवन की टीम को 78 रन से हराया। युवराज इलेवन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 2 विकेट पर 221 रन बनाए। युवराज इलेवन की तरफ से पारी की शुरूआत युवान व रजन ने की। दोनों ने मिलकर पहली विकेट के लिए 125 रन जोड़े, युवान ने 52 गेदों में 76 रन बनाए, रजत ने 63 गेदों में शानदार प्रदर्शन करते हुए 101 रन बनाए। जिसमें 13 चौके, 3 छक्के शामिल हैं।

अंकित इलेवन की तरफ से अभिनव व शिवम ने एक-एक विकेट ली। अंकित इलेवन की टीम 143 रन बनाकर आऊट हो गई। जिसमें अंकित इलेवन की तरफ से अक्षत सिंह ने 44 गेदों में 49 रन बनाए, विहान ने 16 रन, अंश महता ने 27 रन बनाए। युवराज इलेवन की तरऊ से गर्वित बेनीवाल ने 3 ऑवर में 13 रन देकर 3 विकेट ली। युवान ने 3 ऑवर में 24 रन देकर 2 विकेट ली व अनुज ने एक विकेट ली। 12 वर्ष से कम आयु वर्ग में विदित इलेवन ने शिवम इलेवन को 5 विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

# बैठक में आगामी कार्यक्रमों पर की चर्चा

■ कांग्रेस है संविधान की हत्यारी भाजपा 25 को मनाएगी संविधान हत्या दिवस : विरेंद्र कौशिक

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी



भारतीय जनता पार्टी की जोनपाल मंडल की बैठक का आयोजन जिला के गांव निमड़ीवाली में किया गया। बैठक की अध्यक्षता जोनपाल मंडल अध्यक्ष धनराज यादव ने की। बैठक को संबोधित करने मुख्य तौर पर भाजपा जिला अध्यक्ष विरेंद्र कौशिक पहुंचे, जिन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन के आगामी कार्यक्रम की चर्चा की।

उनके साथ में सह संयोजक मीना परमार व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ठाकुर विक्रम सिंह भी मौजूद रहे। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष विरेंद्र कौशिक ने कहा कि कांग्रेस संविधान की हत्यारी पार्टी है। 72 बार चुनी गई सरकारों को बेवजह हटा दिया। भाजपा 25 जून को देश भर में संविधा हत्या दिवस मनाएगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस संविधान की भक्षक व भाजपा रक्षक पार्टी है। 57 साल में कांग्रेस ने 72 सरकारों को वेवजह हटाया, जबकि भाजपा ने 11 साल के कार्यकाल में एक भी सरकार नहीं गिराई। इसके अलावा पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने अपनी सत्ता बचाने के लिए देश पर आपातकाल तक थौंपा था। साढ़े तीन लाख लोगों को जेलों में भेजकर यातनाएं दी। उ उन्होंने कहा कि कांग्रेस की दुकान बंद हो गई है, जिसे खोलने के लिए झूठ फैलाने का प्रयास किया जा रहा है। भाजपा जिला अध्यक्ष विरेंद्र कौशिक ने कहा कि पार्टी के अभियानों में रचनात्मक कार्य किए जा रहे है।

# निवेशकों जाएंगे सुप्रीम कोर्ट

■ विभिन्न चिटफंड कंपनियों के पीड़ित निवेशक करेंगे अब सुप्रीम कोर्ट का रूख

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी




**भिवानी।** पीड़ितों को राहत न मिलने पर नारेबाजी करते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

पीएसीएल, आदर्श कॉपरेटिव सोसायटी, सहारा इंडिया, किमफ्यूचर विजन सर्विस लिमिटेड, नेटर कर्मिशियल स्टेट लिमिटेड, विनायक होम, कलपतरू, सर्व हित हाऊसिंग, समृद्धि जीवन, गौपैथी स्वदेशी उद्योग सहित विभिन्न चीटफंड कंपनियों के पीड़ित निवेशकों ने अपनी गाढ़ी कमाई निवेश कर चुके हजारों निवेशकों को अभी तक उनकी जमा राशि नहीं मिल पाई है। बड्स एक्ट-2019 के तहत संबंधित कार्यालय खुलने और दस्तावेज जमा करवाने के बावजूद भी निवेशकों को कोई राहत नहीं मिल रही। इससे परेशान होकर पीड़ित निवेशकों ने अब सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाने का निर्णय लिया है। रविवार को स्थानीय हुडा पार्क में ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार (तपजप) संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रामजस की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में निर्णय लिया गया कि सभी पीड़ित निवेशक एकजुट होकर कानूनी लड़ाई लड़ेंगे।

# मणिपाल हॉस्पिटल ने भिवानी में ओपीडी शुरू की

■ न्यूरोसर्जन डॉ. अनुराग सक्सेना हर महीने के दूसरे और चौथे मंगलवार रोगियों को देखेंगें

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी



**भिवानी।** पत्रकारों से बातचीत करते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

दिल्ली स्थित मणिपाल हॉस्पिटल ने भिवानी में जांगड़ा मल्टीस्पेशियल्टी हॉस्पिटल के सहयोग से आज एक विशेष ओपीडी का शुभारंभ किया। इस ओपीडी में मणिपाल हॉस्पिटल्स द्वारका में न्यूरोसर्जरी विभाग के क्लस्टर हेड और वरिष्ठ न्यूरोसर्जन डॉ. अनुराग सक्सेना अब हर महीने के दूसरे और चौथे मंगलवार को दोपहर 12:00 बजे से 2:00 बजे तक भिवानी में मरीजों की जांच और इलाज करेंगे।

रयह सेवा खासतौर पर ब्रेन और स्पाइन से जुड़ी बीमारियों के लिए शुरू की गई है। डॉ. अनुराग सक्सेना, क्लस्टर हेड, दिल्ली एनसीआर, न्यूरोसर्जरी विभाग, एचसीएमसीटी मणिपाल हॉस्पिटल, दिल्ली ने कहा, ''नियमित हेल्थ चेकअप और इमेजिंग टेस्ट्स से हर्नियेटेड डिस्क या रीढ़ की अन्य समस्याओं का समय रहते पता लगाया जा सकता है, क्योंकि इनके लक्षण अक्सर मरीज नजरअंदाज कर देते हैं। न्यूरोलॉजिकल और स्पाइन सर्जरी के क्षेत्र में हाल ही में हुए तकनीकी विकास, जैसे मिनिमली इनवेसिव सर्जरी, ने इलाज को आसान और आरामदायक बना दिया है , जिससे मरीजों को कम दर्द, तेजी से रिकवरी और बेहतर परिणाम मिलते हैं।

### स्पाइन डिसऑर्डर्स का प्रारंभिक स्तर पर ही पता लगाया जा सकेगा

हम उन्नत देखभाल उपलब्ध कराने के साथ-साथ लोगों को नियमित जांच के लिए प्रेरित करने के लिए भी प्रतिबद्ध हैं। आधुनिक तकनीक, सटीक निदान और देखभाल के माध्यम से हम मरीजों को ब्रेन और स्पाइन से जुड़ी बीमारियों से लड़ने में मदद कर सकते हैं। डॉ. सुभाष जांगड़ा, डायरेक्टर, जांगड़ा मल्टीस्पेशियल्टी हॉस्पिटल ने कहा, ''लोगों की सेहत को प्राथमिकता देते हुए नियमित जांच करानी चाहिए ताकि पार्किंसन जैसी बीमारियों या स्पाइन डिसऑर्डर्स का प्रारंभिक स्तर पर ही पता लगाया जा सके।



**चरखी दादरी।** दादरी राधा स्वामी सत्संग भवन में पानी पिलाते श्रद्धालु।

# चिलचिलाती गर्मी में श्रद्धालुओं और राहगीरों को मिली राहत

**चरखी दादरी।** चिलचिलाती धूप व भीषण गर्मी से जूझ रहे राहगीरों और श्रद्धालुओं के लिए राधा स्वामी सत्संग दिनोद की शाखा दादरी स्थित राधा स्वामी सत्संग भवन में 21 दिवसीय ठंडे व मीठे पानी की छबील सतगुरू कंवर साहेब महाराज की शिक्षाओं पर चलते हुए लगाई, जिसका रविवार को समापन हुआ। राधा स्वामी सत्संग भवन दादरी शाखा के मुख्य सेवादार प्रदीप सांगवान के नेतृत्व में लगाई छबील के माध्यम से हजारों लोगों को प्रतिदिन गर्मी से राहत मिली। इस दौरान पक्षियों को राहत पहुंचाने के लिए पानी के सकोरे भी रखे गए। सेवादार प्रदीप सांगवान ने बताया कि इस सेवा का आयोजन जनकल्याण की भावना से किया गया था, जिसमें स्थानीय सेवक व स्वयंसेवक प्रतिदिन सुबह से शाम तक श्रद्धालुओं और राहगीरों को शीतल जल उपलब्ध करवा रहे थे, ताकि अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हो सकें। उन्होंने कहा कि यह केवल जल सेवा नहीं, बल्कि मानवता की सेवा है। गर्मी में जब किसी प्यासे को ठंडा पानी मिल जाए, तो उसका संतोष ही सबसे बड़ा आशीर्वाद होता है। गौरतलब होगा कि यह छबील न केवल प्यास बुझाने का माध्यम बनी, बल्कि समाज में सेवा, सहानुभूति और सहयोग की भावना को भी प्रबल कर गई। इस सेवा कार्य में राजपाल, ईश्वर, हरपाल, विनोद, लीलाराम, रामकिशन, अजय, सज्जन मास्टर, शिवकुमार, उमेद, कालिया सहित अन्य श्रद्धालु मौजूद रहे।

# पब्लिक हेल्थ में एक और मंडल की स्थापना की मांग फिर तेज

हरिभूमि न्यूज ⏭चरखी दादरी

■ हर घर नल से जल जैसी महत्वाकांक्षी योजनाओं का क्रियान्वयन तेजी से हो रहा

हरियाणा पब्लिक हेल्थ क्लेरिकल एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष कपिल रावलधी ने दादरी जिले में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के बढ़ते कार्यभार, जनसंख्या घनत्व और क्षेत्रीय फैलाव को देखते हुए एक अतिरिक्त जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंडल की स्थापना की मांग की है। उन्होंने कहा कि दादरी जिला बनने के बाद से विकास योजनाओं की संख्या में तीव्र वृद्धि हुई है, लेकिन विभागीय संरचना अब भी पुराने ढांचे पर आधारित है, जिससे जन सेवाओं की गुणवत्ता पर प्रभाव पड़ रहा है।

कपिल ने बताया कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर नल से जल जैसी महत्वाकांक्षी योजनाओं का क्रियान्वयन तेजी से किया जा रहा है, जिसके तहत गांव-गांव तक पाइप लाइन नेटवर्क, वॉटर ट्रीटमेंट और घरेलू कनेक्शन उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। इसी प्रकार महाग्राम योजना के अंतर्गत जिले के बड़े गांवों में सीवरेज प्रणाली विकसित की जा रही है। इन योजनाओं की सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि विभाग के पास पर्याप्त प्रशासनिक ढांचा, तकनीकी संसाधन व निगरानी व्यवस्था हो। कपिल ने बताया कि वर्तमान में दादरी जिले के 174 गांवों और नगर क्षेत्र की जलापूर्ति, सीवरेज व ग्रामीण योजनाओं की निगरानी केवल एक मंडल कार्यालय द्वारा की जा रही है, जो व्यवहारिक रूप से बेहद कठिन व असंतुलित कार्यभार है। इसके चलते कर्मचारियों और अधिकारियों पर बोझ अत्यधिक है और कई बार जन सेवाओं में देरी और प्रशासनिक असंतुलन की स्थिति बन जाती है।

# नीट में सारिका को 86वीं रैंक मिली

■ आरपीएस की सारिका ने नीट परीक्षा में आल इन्डिया कैटेगरी रैंक 86 लेकर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭महेंद्रगढ़



**महेंद्रगढ़।** छात्रा को बधाई देते शिक्षक एवं अभिभावक। *फोटो: हरिभूमि*

एनटीए द्वारा घोषित नीट परीक्षा परिणाम में आरपीएस समूह के छात्रा सारिका ने 720 में से 625 अंकों के साथ आल इन्डिया कैटेगरी रैंक 86 प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। आरपीएस संस्था के 102 विद्यार्थियों ने पूरे देश-प्रदेश में इतिहास रचते हुए 500 से अधिक अंक अर्जित किए हैं। इस परीक्षा परिणाम पर आरपीएस विद्यालय की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, संस्था के सीईओ इंजी. मनीष राव, संस्था के डिप्टी सीईओ कुनाल राव ने कहा कि आरपीएस एक ऐसा मंच है जहां पर हर बच्चे की प्रतिभा को तराश कर उन्हें उनके लक्ष्य तक पहुंचाने का काम अभिभावकों के विश्वास के अनुरूप किया जा रहा है। यह सब अभिभावकों के विश्वास का ही परिणाम है कि आज उनके बच्चे हर क्षेत्र में अव्वल भूमिका में नजर आ रहे हैं। नीट की परीक्षा में आरपीएस ग्रुप के सारिका ने 720 अंकों में से 625 अंकों के साथ आल इन्डिया कैटेगरी रैंक 86, इकलव्य सिंह ने 616 अंकों के साथ आल इन्डिया कैटेगरी रैंक 364, गोपेश शर्मा ने 609 अंकों के साथ आल इन्डिया जनरल रैंक 550, रनित ने 607 अंकों के साथ आल इन्डिया कैटेगरी रैंक 292 प्राप्त किए हैं। इसके अलावा कशिश ने 597 अंकों के साथ आल इन्डिया कैटेगरी रैंक 508, प्रथम कुमार ने 592 अंकों के साथ आल इन्डिया कैटेगरी रैंक 653, दिपांशु ने 588 अंकों के साथ आल इन्डिया कैटेगरी रैंक 1338, दिपेश ने 588 अंकों के साथ आल इन्डिया कैटेगरी रैंक 1322, आरती ने 586, जानवी ने 585 अंकों के साथ आल इन्डिया कैटेगरी रैंक 1528, कनिष्का ने 581 अंकों के साथ आल इन्डिया कैटेगरी रैंक 1204, हिमानी ने 581 अंकों के साथ आल इन्डिया कैटेगरी रैंक 1251, तनिशका जैन ने 581 अंकों के साथ आल इन्डिया कैटेगरी रैंक 1743 वीं रैंक हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया है।

# नीट परीक्षा परिणाम में सूरज स्कूल के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭महेंद्रगढ़



नेहा



खुशी

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा आयोजित नीट की परीक्षा का परिणाम घोषित किया, जिसमें सूरज स्कूल के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने शानदार सफलता अर्जित कर अपने विद्यालय, क्षेत्र तथा माता-पिता के नाम को रोशन किया। संस्था निदेशक संदीप प्रसाद ने बताया कि सफलता हासिल करने वाले विद्यार्थियों में नेहा ने 720 अंकों में से सर्वाधिक 584 अंकों के साथ स्कूल में प्रथम स्थान हासिल किया। इसी क्रम में खुशी ने 553 अंकों के साथ द्वितीय तथा रुचि ने 549 अंकों के साथ तृतीय, निखिल कुमार ने 547, काव्या ने 545, मनीष ने 541, सुनील कुमार ने 540, प्रियांशु ने 538, अभिषेक ने 537, विष्णु ने 536, आकांक्षा ने 535, मेहा ने 534, विवेक ने 527, हिमांशी ने 525, समीक्षा ने 525, वैभव ने 525, सोमेश ने 520, नमन ने 518, शिवांगी ने 515, माणिक ने 515, हर्षिता ने 514, खुशी ने 513, तनीषा ने 510, हरमन ने 505, समीर ने 502, अविरल शर्मा ने 500, अभिनव ने 498, नेत्रपाल ने 496, सौम्या ने 495, पूजा ने 495, प्रियांशु ने 495, भूपेंद्र ने 493, विशेष ने 490, मेघा ने 487, आकाश ने 485, मुस्कान ने 480, कनक भारद्वाज ने 462 अंक एवं अन्य प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर सफलता हासिल की। इस अवसर पर संस्था के निदेशक संदीप प्रसाद ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। योजनाबद्ध तरीके से तथा कड़ी मेहनत, अनुशासन के बल पर जीवन में बड़ी से बड़ी सफलता को प्राप्त किया जा सकता है।

शहर, गांव व वार्डों में पहुंचकर जजपा से जोड़े जाएंगे निष्ठावान कार्यकर्ता

# 31 तक चलेगा जजपा का सदस्यता अभियान

■ बुढ़ापा पेंशन बढ़ाने को लेकर भाजपा पर बनाएंगे दबाव: डॉ. अजय चौटाला

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी



**भिवानी।** देवीलाल सदन में जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते जजपा अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद डॉ. अजय सिंह चौटाला। *फोटो: हरिभूमि*

जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद डॉ. अजय सिंह चौटाला ने कहा कि हरियाणा प्रदेश में सीईटी परीक्षा की समय सीमा बढाई जानी चाहिए, ताकि जो छात्र-छात्राएं फॉर्म नहीं भर सकें, वे फार्म भरकर परीक्षा में शामिल हो सकें। डॉ. चौटाला रविवार को देवीलाल सदन में जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जजपा संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के लिए सदस्यता अभियान चलाया गया है, जिसकी शुरूआत भिवानी से की गई और ये अभियान 31 जुलाई तक चलेगा। अभियान का उद्देश्य निष्ठावान व समर्थित कार्यकर्ता को पार्टी से जोड़ना है। ये पदाधिकारी, गांव, शहर, वार्डो में जाकर संगठन से लोगों को जोड़ने का कार्य करेंगे। डॉ. अजय सिंह ने कहा कि जजपा कार्यकर्ता आधारित पार्टी है, जहां पर प्रत्येक कार्यकर्ता को मान-सम्मान मिलता है। उन्होंने कहा कि 100 साल पुरानी कांग्रेस पार्टी संगठन खड़ा करने के लिए लड़ाई लड़ रही है। तीन-तीन प्रदेशाध्यक्ष बदले जाने के बाद भी कांग्रेस जिला स्तरीय संगठन नहीं बना पाई है। उनकी पार्टी के शीर्ष नेता राहुल गांधी चंडीगढ़ में आकर जा चुके, वो क्यो आए तथा क्या करके गए, ये कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को पता नहीं चल पाया।

### बैठक में ये रहे मौजूद

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष जितेंद्र शर्मा, प्रभारी कृष्ण बजीणा, राजेश भारद्वाज, देवेंद्र नकीपुर, ऋषिपाल फौगाट, राजबीर तालु, अजमेर सरपंच, प्रदीप गोयल, अल्का आर्य, मनोज यादव, राजेश ग्रेवाल, राजू मेहरा, कृष्ण वर्मा, राजकुमार ओबरा, भानी देवी, सुमित श्योराण, मदन यादव, कर्ण सिंह, सोमबीर ढाणीमाहू, सुरेंद्र किलका आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### हर दिन पर्यावरण संरक्षण में करें योगदान : संदीप

**तोशाम।** रविवार को जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग सब डिवीजन तोशाम के जल घर हसान पर कर्मचारियों के साथ मिलकर सोमबीर महला ने अपने पिता स्वर्गीय रामस्वरूप शास्त्री की याद में पौधारोपण कर फलदार पौधे लगाए। इस दौरान पौधारोपण करवाकर पर्यावरण प्रहरी व हरियाणा सयुंक्त कर्मचारी संघ के जनरल सेक्रेटरी संदीप गौड़ ने कहा कि इस तरह के अभियान चलाकर धरती को हरा-भरा बनाए रखना और बढ़ते ग्रीन हाउस प्रभाव को रोकना है।

### विमान हादसे में मारे गए लोगों को दी श्रद्धांजलि

**लोहारू।** हरियाणा गर्व. पी.डब्लू.डी. मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन संबंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा की स्थानीय शाखा की आवश्यक बैठक लोहारू में संपन्न हुई। कोषाध्यक्ष भीम सिंह अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक का संचालन ब्रांच प्रधान कृष्ण मुरारी ने किया। बैठक में अहमदाबाद विमान दुर्घटना पर संवेदना व्यक्त करते हुए दो मिनट का मौन धारण किया गया। बैठक में गर्मी के सीजन को ध्यान में रखते हुए शहर के सभी वार्डों में नियमित पेयजल आपूर्ति पर चर्चा की गई। उन्होंने शहर के लोगों से जल बचाने की अपील की। उन्होंने सभी कर्मचारियों से आगामी 9 जुलाई 2025 को राष्ट्रव्यापी हड़ताल में भाग लेने का आह्वान किया।

### पंचायत को लेकर किया ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा

**लोहारू।** बीमा क्लेम घोटाले को लेकर आगामी 23 जून को लोहारू में होने वाली किसान पंचायत को लेकर रविवार को अनेक किसान नेताओं ने हलके के विभिन्न गांवों का दौरा कर महापंचायत का न्यौता दिया। किसान नेत्री कविता आर्य एडवोकेट, अशोक आर्य एडवोकेट, बलबीर सिंह ठाकन सहित अनेक किसान नेताओं ने रविवार को खरकड़ी, सिंघानी, ढिगावा जाटान, ढिगावा शमियान, गिगनाऊ, झुप्पा कलां, झुप्पा खुर्द, बारवास व बसीरवास आदि गांवों का दौरा किया। 350 करोड़ रुपए के बीमा क्लेम घोटाला के विरुद्ध 23 जून 2025 को लोहारू अनाज मंडी में किसान पंचायत का आयोजन होगा।

---

### दो-तीन दिन पहले आए अंधड़ का असर अब भी देखने को मिल रहा

# तीन दिन से आधा दर्जन गांवों में बिजली पानी का संकट, लोग परेशान, रुके काम

एक ट्रांसफार्मर गिरने की वजह से जुई फीडर के पम्प हाऊस भी शांत है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी





**भिवानी।** विगत में आई अंधड़ के बाद से पम्प हाऊस के पास गिरा जमीन पर ट्रांसफार्मर, अंधड़ से टूटी 11 हजार की लाइन का दृश्य व टूट कर गिरा सफेदे का पेड़।

दो-तीन दिन पहले आई हलकी बारिश के साथ अंधड़ का असर आज भी देखने को मिल रहा है। अंधड़ ने ऐसी तबाही की इबारत लिखी कि भिवानी के आसपास के करीब आधा दर्जन गांवों में आज तक बिजली की सप्लाई नहीं पहुंच पाई है। बिजली के अभाव में लोगों के घरों तक पीने के पानी की सप्लाई भी नहीं पहुंची है। जिस वजह से लोग रात बैठ कर गुजार रहे है। वहीं पीने के पानी के लिए दूर दराज के क्षेत्रों में लगे हैंडपम्प व कुओं से पानी लाकर अपना हलक तर कर रहे है। हालांकि विद्युत निगम बिजली की सप्लाई के लिए पोल व उन पर तार लगाने में जुटा है,लेकिन उसके बाद भी करीब आधा दर्जन गांवों में अभी बिजली की सप्लाई चालू नहीं हो पाई है। दूसरी तरफ अनेक पोल व एक ट्रांसफार्मर गिरने की वजह से जुई फीडर के पम्प हाऊस भी शांत है। अगर नहरी पानी पहुंच गया तो सिंचाई विभाग को पम्प चलाने के लिए जरनेटरों का सहारा लेना पड़ेगा। विगत में आई अंधड़ से करीब दो से तीन दर्जन बिजली के पोल टूट गए। कई जगहों पर 11 हजार वोल्टस की भी लाइन टूटने से ग्रामीण इलाकों में बिजली की सप्लाई चालू नहीं हो पाई। कई जगहों पर बिजली के तार टूट गए। तार टूटने से सप्लाई पूरी तरह से बाधित हो गई है। टूटे हुए पोल को बदलने का कार्य युद्ध स्तर पर जारी है,लेकिन ज्यादा पोल टूटने से अभी तक प्रहलाद गढ, नीमड़ीवाली, ढाणा नरसान के अलावा आसपास के गांवों के आधा दर्जन से ज्यादा गांवों में बिजली की सप्लाई नहीं पहुंच रही है। दो दिन से इन गांवों के लोग अंधेरे में रात गुजार रहे है। साथ ही बिजली की सप्लाई न आने से पीने के पानी की सप्लाई भी नहीं पहुंची। क्योंकि अधिकांश गांवों में बिजली की सप्लाई से ही पानी की सप्लाई छोड़ी जाती है। अगर बिजली की सप्लाई नहीं पहुंचेगी तो पानी की सप्लाई अपने आप ही बंद रहेगी। जिसके चलते अनेक गांवों में पीने के पानी की सप्लाई पहुंची है। लोग पीने के पानी के लिए मारे मारे फिर रहे है।

#### जुई फीडर के पम्प हुए शांत

अंधड़ से जुई कैनाल पर स्थापित किए गए पम्प हाऊस की मोटरे भी पूरी तरह से शांत है। हालांकि अभी नहर में पानी नहीं पहुंचा है,लेकिन पानी पहुंच गया तो सिंचाई विभाग के पास बिजली की मोटर चलाने का कोई विकल्प नहीं है। उनको जरनेटरों के सहारे ही पम्प हाऊसों से पानी आगे चलाना होगा। वह बात दिगर है कि नहर व ग्रामीण इलाकों में टूटे पोल की जगह नया पोल लगाने का कार्य जोरों पर है। साथ में बिजली की लाइनों के तार बदलने का कार्य जारी है। इन सब कार्यो को पूरा किए जाने के बाद ही बिजली की सप्लाई सही ढंग से चालू हो पाएगी।

#### इनवेंटर दे गए जवाब

तीन दिनों से बिजली की सप्लाई न आने की वजह से आधा दर्जन गांवों में भंयकर समस्या बनी हुई है। सप्लाई न आने की वजह से घरों में लगे इनवेटर भी जवाब दे गए। रात के समय पूरा गांव अंधेरे में डूब जाता है। दिन में तो ग्रामीण पेड़ों की छांव में दिन काट लेते है,लेकिन रात के वक्त तो गर्मी में बैठ कर ही गुजारनी पड़ती है। ग्रामीणों ने बताया कि अगर अगले एक दो दिन तक बिजली की सप्लाई चालू नहीं हुई तो वे पुराने दिनों वाले दीये व मोमबती के सहारे घरों में रोशनी होने लगेगी। क्योंकि अधिकांश गांव में बिजली व इनवेटर है। बिजली की सप्लाई बंद है तो बैटरी जवाब दे रहे हैं।

---



**भिवानी।** भारतीय नौसेना में सब-लेफ्टिनेंट गगन दीप वत्स को सम्मानित करते हुए।

## सब-लेफ्टिनेंट बनने पर किया गगनदीप वत्स का सम्मान

- मुख्य अतिथि डॉ. डी.पी. वत्स एवं अनेक विशिष्ट जनों की गरिमामयी उपस्थिति

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

जिले की शान और युवा प्रेरणा स्त्रोत गगनदीप वत्स के भारतीय नौसेना में सब-लेफ्टिनेंट के पद पर चयनित होने के उपलक्ष्य में जिला ब्राह्मण विकास परिषद, भिवानी द्वारा एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम न केवल गगनदीप वत्स के व्यक्तिगत उपलब्धि का उत्सव था, बल्कि यह पूरे जिले के लिए गर्व का विषय बन गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व राज्यसभा सांसद एवं प्रतिष्ठित समाजसेवी डॉ. डी.पी. वत्स ने शिरकत की और उन्होंने गगनदीप वत्स को प्रतीक चिह्न एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा, ऐसे युवाओं की उपलब्धियां राष्ट्र निर्माण में सहायक हैं और इनसे आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा लेनी चाहिए।

विशिष्ट अतिथि के रूप में मुकेश गौड़ पूर्व चेयरमैन युवा आयोग सरकार,भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेन्द्र कौशिक, लेफ्टिनेंट अंकुर वत्स (भारतीय नौसेना), सुशील मंगाली सदस्य सीएम विंडोज हिसार,ठाकुर विक्रमसिंह वरिष्ठ नेता भाजपा, शकुंतला शर्मा बीजेपी नेत्री उपस्थित रहे। सभी ने मंच से अपने विचार व्यक्त करते हुए गगन्दीप वत्स की कठिन मेहनत, अनुशासन और देशभक्ति की सराहना की।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर श्री कृष्ण कुमार वत्स सेवानिवृत मुख्य अध्यापक ,भाना राम शर्मा धारेडू,सतीश कुमार वत्स सेवानिवृत नौसेना अधिकारी,विजय शर्मा पूर्व सरपंच धारेडू, सुमित्रा देवी बेरवाल,शीला रानी बेरवाल सोरखी, एवं जिला ब्राहमण विकास परिषद् से शीलक राम शर्मा अध्यक्ष,आनंद धारेडू उपप्रधान,अनिल वत्स महासचिव , राम अवतार शर्मा, कोषाध्यक्ष, नरेश वत्स हेडमास्टर,पवन कौशिक अध्यक्ष कौशिक नाट्य नृत्य अकादमी भिवानी, अनिल गौड़ बी ई ओ भिवानी,राजकुमार शर्मा बीडीपीओ, एडवोकेट देवकांत शर्मा, देवेन्द्र अत्री प्रवक्ता,राजबीर शर्मा प्रवक्ता, सेवानिवृत प्राचार्य नरेंद्र थीटा समारोह में अपस्थित रहे।

---

## धूं-धूंकर जली एसडीएम की सरकारी गाड़ी

- एसडीएम सुरक्षित, रोहतक से लौट रहे थे लोहारू

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोहारू



रविवार दोपहर राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 152 डी के मार्ग से रोहतक से लोहारू आ रहे एसडीएम मनोल दलाल की सरकारी गाड़ी में अचानक आग लग गई। कथित रूप से तकनीकी खराबी के बाद बोलेरो गाड़ी में हुई आगजनी की घटना में गनीमत यह रही कि किसी प्रकार की जानमाल का नुकसान नहीं हुआ।

सरकारी गाड़ी में एसडीएम मनोज दलाल अपने चालक सोमवीर ङ्कषसह के साथ रोहतक में कमिश्नर से मुलाकात के बाद लोहारू आ रहे थे। घटना दोपहर करीब डेढ़ बजे की बताई जाती है। एसडीएम मनोज दलाल के अनुसार वे सरकारी बोलेरो गाड़ी चालक सोमवीर सिंह के साथ रोहतक से वापस लोहारू लौट रहे थे तथा रास्ते में कलानौर के पास अचानक गाड़ी के बोनट में से धुआं उठता दिखाई दिया। जैसे ही गाड़ी को सडक़ किनारे रोककर बोनट खोला गया तो इंजिन में अचानक आग लग गई। आननफानन में गाड़ी में रखी फाइलें और जरूरी सामान उतार लिया गया और इसकी सूचना फायर ब्रिगेड ऑफिस को दी गई। जानकारी के अनुसार जब तक दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया गया तब तक पूरी बुलेरो गाड़ी जलकर राख हो चुकी थी। घटना की सूचना के बाद एसडीएम मनोज दलाल के भाई डॉ दिनेश कुमार कुमार भिवानी से कलानौर पहुंच गए थे तथा एसडीएम मनोज दलाल अपने भाई के साथ सकुशल घर पहुंच गए।

---

## ऐतिहासिक सांग चापसिंह सोमवती का मंचन

- युवा पीढ़ी को पाश्चात्य संस्कृति के जाल में बाहर निकालते हहैं सांस्कृतिक कार्यक्रम : सांसद

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी



**भिवानी।** सांग का शुभारंभ करवाने से दीप प्रज्जवलित करते राज्य सभा सांसद डीपी वत्स। *फोटो : हरिभूमि*

म्हारी संस्कृति-म्हारा स्वामिमान संगठन के तत्वाधान में म्हारी संस्कृति-म्हारा स्वाभिमान संगठन के स्थापना दिवस एवं महान कवियों एवं गायकों की याद में जिला के गांव उमरावत स्थित दादा लखमीचंद सांस्कृतिक भवन में आयोजित 11 दिवसीय सांग महोत्सव के 9वें दिन रविवार को बतौर मुख्य अतिथि पूर्व राज्यसभा सांसद डीपी वत्स पहुंचे तथा अध्यक्षता संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हनुमान कौशिक ने की। इस दौरान सूर्यकवि दादा लखमीचन्द जी द्वारा रचित ऐतिहासिक सांग चापसिंह सोमवती का मंचन सुप्रसिद्ध सांगी अशोक मरीची ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्यअतिथि राज्यसभा सांसद डीपी वत्स ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम युवाओं को अपनी मूल संस्कृति एवं संस्कारों से परिचित करवाते है। उन्होंने कहा कि आज युवा पीढ़ी पाश्चात्य संस्कृति के जाल में फंसता जा रहा है, जिससे उसे बाहर निकालने के लिए संस्कृति एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की महानता से अवगत करवाना जरूरी है। इस मौके पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हनुमान कौशिक ने बताया कि 16 व 17 जून को सूर्यकवि दादा लखमीचन्द के सुपौत्र विष्णुदत्त कौशिक सांग की प्रस्तुति देंगे।

#### सीएम के सामने रखेंगे बात: सांसद

इस दौरान हनुमान कौशिक से राज्यसभा सांसद की बात हुई, जिसमें सांसद ने आश्वासन दिया कि वे मुख्यमंत्री से मिलकर गांव उमरावत में निर्माणाधीन आश्रम को पूरा करवाने की बात रखेंगे। इस मौके पर संगठन के प्रवक्ता रामधन शास्त्री ने बताया की म्हारी संस्कृति म्हारा स्वाभिमान संगठन के उद्देश्यों में एक उद्देश्य नए कलाकारों को मंच प्रदान करना शामिल है। आज की प्रस्तुति इसी कड़ी का हिस्सा रही। इस अवसर आश्रम निर्माण कमेटी अध्यक्ष सरपंच दिनेश कौशिक, लोकगायक राजेश थुरानिया, लोककवि सतीश शर्मा उमरावत, धर्मवीर नागर मुकेश बापोड़ा, पप्पु डेयरी वाला, पवन सरपंच, घनश्याम भांजा, अनुशासन कमेटी अध्यक्ष नारायण आदि मौजूद रहे।

---

## योग महोत्सव सात दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

**भिवानी।** चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय के योग विभाग एवं क्रीड़ा भारती के संयुक्त तत्वावधान में योग महोत्सव सात दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ कुलपति प्रो दीप्ति धर्माणी के कुशल नेतृत्व एवं कुलसचिव डॉ भावना शर्मा के मार्गदर्शन तथा डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ सुरेश मलिक के संयोजन में किया गया। यह योग प्रशिक्षण शिवर आज से 21जून तक विभिन्न 30 स्थानों पर आयोजित किया जा रहा है। विश्वविद्यालय के योग शिक्षक डॉ सुनील शर्मा ने बताया कि चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय हर वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में /"योग महोत्सव/" कार्यक्रम मनाता है। इस वर्ष भी है यह कार्यक्रम 15 से 21 जून मनाया जा रहा है जिसमें 30 स्थान पर योग कैंपों का आयोजन एमएससी योग के विद्यार्थियों द्वारा किया जा रहा है योग कैंपों का आयोजन आज 15 जून से शुरू हो गया है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8295157800, 8814999151, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 × 8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

---

## हवन करने से शुद्ध होता मन:शास्त्री

- योगाचार्य ने हवन की विशेष विधियों पर प्रकाश डाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहल



आर्य समाज विकास ट्रस्ट बहल के तत्वावधान में संचालित आर्य समाज पिलानी रोड बहल में रविवारीय साप्ताहिक विशेष अधिवेशन स्वर्ण पदक से सम्मानित योग रत्न योगाचार्य हरपाल शास्त्री के ब्रह्मत्व में संपन्न हुआ। यज्ञ के दौरान योगाचार्य ने हवन की विशेष विधियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यदि किसी को यज्ञ के पूरे मंत्र याद नहीं हैं तो भी वह सच्ची भावना के साथ यदि तीन मूल मंत्र का उच्चारण कर लें तो बड़ा लाभ मिलता है। रविवार को आयोजित यज्ञ में हरपाल शास्त्री ने कहा कि हवन करने से मन शुद्ध होता है, आत्मा बलवान होती है और वाणी पवित्र होने के साथ साथ ईश्वर की विशेष कृपा प्राप्त होती है। हवन के दौरान गायत्री मंत्र, महामृत्युंजय मंत्र व ऋग्वेद का पहला मंत्र ओम विश्वानिदेव भी याद करके हवन कर ले तो भी हवन करने वाले को बहुत लाभ मिल सकता है। उन्होंने उपस्थितजनों से आर्य समाज के साप्ताहिक यज्ञ में नियमित आने का आग्रह करते हुए कहा कि एक बार ईश्वर से जुडऩे का प्रयास तो करें तो कृपा अपने आप बरसनी आरंभ हो जाएगी। यज्ञ के उपरांत हरपाल शास्त्री जी से योग साधना पद्धति से मरीजों का इलाज किया। आर्य समाज विकास ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. एनपी गौड़ ने आचार्य हरपाल शास्त्री से बहल में पिछले वर्ष की तरह योगा कैंप लगाने का आग्रह किया। इस पर उन्होंने अगस्त या सितंबर माह में शिविर लगाने का आश्वासन दिया।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर आर्य समाज पिलानी रोड बहल के प्रधान सुशील केडिया, उप प्रधान संदीप दीक्षित, कोषाध्यक्ष बलवान सिंह, फूलचंद आर्य, शिवम मित्तल, पवन पंघाल, डॉ. सुनील चावला, पंकज कुमार, सिद्धार्थ, विनोद, विकेश, डिश टीवी, सुनील शर्मा, सुनील शर्मा टीटू, कृष्ण केडिया, सुरेश गर्ग पातवानिया, राहुल शर्मा, नरसिंह, नवीन सहित अनेक लोग मौजूद रहे। यज्ञ के यजमान संजय मित्तल व रचना दंपति रहे।

---



## स्वस्थ रहने के लिए नियमित रुप से करें योग: डॉ. वीरेन्द्र

**चरखी दादरी।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में जिलेभर में योग के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियां करवाई गई। इसी कड़ी में एसडीएम डॉ. वीरेंद्र अहलावत ने मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर नगराधीश जितेन्द्र कुमार ने भी प्रतिभागियों के साथ दौड़ लगाकर उनका हौंसला बढ़ाया और प्रतिभागियों को सम्मानित किया। एसडीएम डॉ. विरेंद्र ने कहा कि योग एक व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ रहने की कुंजी बन चुका है। आज हम अगर डाक्टरों के पास जाने की बजाय सुबह शाम थोड़ा सा वक्त योगा को दें तो स्वस्थ तो रहेंगे ही, साथ में पैसे की बचत भी होगी। उन्होंने कहा कि योग बिना चिकित्सक की दवा है जिसे हर किसी को लेना चाहिए ।उन्होंने जिलावासियों से कहा कि योग के प्रति अपना उत्साह लगातार लगातार बनाए रखें। उन्होंने योग मैराथन में हिस्सा लेने वाले नागरिकों, युवाओं, बच्चों, स्वयंसेवी संस्थाओं व अधिकारियों का उत्साह बढ़ाया।

---

### भंडारे का प्रसाद अलौकिक गुणकारी नरेश नाथ

**बवानी खेड़ा।** कस्बे के सबसे पुरातन डेरा बाबा जरना नाथ के प्रांगण में आज सम्पन्न हुए सात धूनी तप के उपरांत बाबा नरेश नाथ ने 41 दिनों तक सात धूनी तपती एवं चिलचिलाती धूप में समस्त क्षेत्रवासियों के सुख समृद्धि एवं मंगल कामना के लिए तपस्या पूरी की जिसके उपरांत सभी ग्रामवासियों के सहयोग से आज डेरा बाबा जरनानाथ के पावन प्रांगण में प्रसाद भंडारे का आयोजन किया गया । नरेश नाथ ने बताया की यह तपस्या बवानी खेड़ा क्षेत्र वासियों के सुख समृद्धि के लिए की गई है । उक्त जानकारी देते हुए डेरा बाबा जोगियान समाध ट्रस्ट के सचिव गजानंद कौशिक ने बताया कि भंडारे में सैकड़ों डेरा श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

---

### दो-दो घंटे तक फाटक बंद रहने से झेलने पड़ती परेशानी: कामरेड

# मालगाड़ियों का रास्ता बदलवाने को लेकर प्रदर्शन

- जनसंघर्ष समिति के नेतृत्व में मंडी व्यापारी व दुकानदारों ने नारेबाजी कर जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी




**भिवानी।** मालगाड़ियों का रास्ता बदलवाने को लेकर विरोध जताते जनसंघर्ष समिति के संयोजक एवं माकपा सचिव कामरेड ओमप्रकाश, व्यापारी व दुकानदार।

जनसंघर्ष समिति के नेतृत्व में मंडी व्यापारी व दुकानदारों ने मिलकर रेलवे अर्थॉरिटी व राज्य सरकार के विरोध में प्रदर्शन किया और दिनोद गेट व लोहारू रोड ओवरब्रिज शीघ्र बनवाएं जाने की मांग की।

इसके साथ ही रेलवे फाटक पर जाम को ध्यान में रखते हुए माल गाड़ियों का रास्ता डायवर्ट करने की मांग उठाई, ताकि शहर की जनता को परेशान होने से बचाया जा सकें। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए जनसंघर्ष समिति के संयोजक व सीपीआईएम जिला सचिव कामरेड ओमप्रकाश तथा नई अनाजमंडी व्यापार मंडल के प्रधान नरेश भुरू ने कहा कि दिनोद गेट व लोहारू रोड पर निर्माणाधीन पुल के कारण देवसर चुंगी रेलवे फाटक दो-दो घंटे बंद रहता है, जिससे व्यापारियों एवं आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

#### जाम लगने से ठप रहता है यातायात

उन्होंने बताया कि शहर के एक बड़े हिस्से में जाम लगने से यातायात ठप रहता हैं, जिससे शहरवासियों एवं राहगीरों को भारी परेशानियां उठानी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन व जनप्रतिनिधियों ने पहले दिनोद रोड पुल का निर्माण पूर्ण करवाकर वाहनों का आवागमन शुरू होने के बाद ही लोहारु रोड का निर्माण शुरू करवाना चाहिए था, ताकि लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न उठानी पड़ती। उन्होंने बताया कि दोनों पुलों के निर्माण के चलते देवसर चुंगी फाटक ही आवागमन मार्ग बचता हैं, जो मालगाड़ियों के दबाव के चलते दो-दो घंटे बंद रहती हैं और वाहन चालकों परेशानी झेलनी पड़ रही हैं। उन्होंने मांग की कि रेलवे विभाग मालगाड़ियों का मार्ग डायवर्ट करवाए तथा ठेका कम्पनी पर दबाव डालकर पुलों के निर्माण में तेजी लाई जाए।